आईआईएम का ईपीजीपी का चौथा बैच दिसम्बर से

रायपुर। भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर द्वारा न्यू लर्न के सहयोग से मिश्रित शिक्षा विधा में एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (ईपीजीपी) के चौथे बैच की घोषणा मिश्रित विधा में एमबीए के चौथे बैच (2023- 25) की घोषणा की गई है। एमबीए के रूप में उपलब्ध कराया जाने वाला यह कार्यक्रम विशेष रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमि से आने वाले कार्यशील व्यावसायिकों के लिए तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम दिसंबर 2023 में शुरू होने की उम्मीद है। अग्रणी बिजनेस स्कूलों के बीच टाइम्स बी स्कूल सर्वेक्षण (2023) में भा.प्र.सं. रायपुर दूसरे स्थान पर है और प्रबंधन संस्थानों में इसकी एनआईआरएफ (2022) रैंकिंग 14वीं है। ईपीजीपी का पहले बैच अप्रैल 2023 में आयोजित भा.प्रं.सं. रायपुर के 12वें दीक्षांत समारोह में संपन्न हुआ था। दूसरे और तीसरे बैच का सत्र निर्धारित समयानुसार आयोजित किया जा रहा है। भा.प्रं.सं. रायपुर में इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन घटकों का अनूठा मिश्रण है। पात्रता - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री (न्यूनतम तीन वर्ष का पूर्णकालिक अध्ययन) और 25 वर्ष की आयु पूरी हो चुकी हो।

Navbharat, 10th May, 2023, P.03(My City)